शहनाई बज रही थी। मिनी दुलहन बनी बैठी थी। तभी रहमत भी वहाँ आया। एक बार तो लेखक उसे पहचान न सका। बाद में लेखक ने रहमत को मिनी से मिलने की इजाज़त दे दी। मिनी दुलहन के रूप में देखकर रहमत सकपका गया। उसने सिर्फ इतना ही कहा, "लल्ली! सास के घर जा रही है क्या?" मिनी के गाल लाल-सूर्ख हो उठे। वह अंदर चली गई। लेखक रहमत की पीड़ा समझ गया। उसने रहमत को पैसे देते हुए कहा, "रहमत! तुम अपने देश चले जाओ, अपनी लड़की के पास।" इस प्रकार काबुलीवाला अपने देश लौट गया।

## अभ्यास



* **मौखिक प्रश्न** (Oral Expression)

**सोचिए और बताइए–**

(1) दरबान 'काक' को कौआ कहता है।

(2) मिनी घर में अटकन-चटकन खेल रही थी।

(3) पिस्ता-बादाम की रिश्वत दे-देकर रहमत ने मिनी के हृदय पर अधिकार किया था।

(4) घूसा तानकर रहमत कहता "ससुर को मारता पर क्या करूँ, हाथ बँधे हुए हैं।'फ

(5) कागज़ के टुकड़े पर रहमत की बेटी के एक नन्हे-से हाथ के छोटे-से पंजे की छाप थी।

* **बहुविकल्पीय प्रश्न** (Multiple Choice Questions)

**उचित विकल्प के सामने (✓) का निशान लगाइए–**

(1) (ख) सत्रहवाँ (2) (ग) अँगूरों की पिटारियाँ

(3) (घ) काबुलीवाले ने (4) (ख) रामपुरी चादर

* **लघु उत्तरीय प्रश्न** (Short Answer Type Questions)

**पढ़िए, सोचिए और लिखिए–**

(1) मिनी के मन में अंधविश्वास बैठा था कि उसकी मैली-कुचैली झोली के अंदर ढूँढने पर उस जैसी और भी जीती-जागती बच्चियाँ निकल सकती हैं।

(2) रहमत अपने देश को माघ महीने में लौटता था।

(3) कारावास से छूटने के बाद रहमत पहचान में नहीं आ रहा था। उसके पास न तो झोली थी और न पहले जैसे लंबे-लंबे बाल। उसके चेहरे की दिव्यता भी गायब थी।

(4) ढीले-ढाले कुरते के अंदर से निकालकर रहमत ने लेखक को एक मैला-मुड़ा हुआ कागज़ का टुकड़ा दिखाया।

REDMI 13C 5G 05/07/2025 13:5

(5) मिनी के जाने के बाद रहमत को समझ में आया कि उसकी बेटी भी इतनी ही ब
हो गई होगी। उसके साथ भी उसे अब फिर से नई जान-पहचान करनी पड़ेगी।

* **दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (Long Answer Type Questions)**

**पढ़िए, सोचिए और लिखिए–**

(1) मिनी के मन से भय दूर करने के लिए लेखक ने काबुलीवाले को अपने घर
भीतर बुला लिया।

(2) मिनी को अठन्नी रहमत ने दी। इससे बड़ा बवाल हुआ। मिनी की माँ ने उ
डाँट-फटकार लगाई। मिनी की माँ को लग रहा था कि वह अठन्नी मिनी
काबुलीवाले से माँगी होगी।

(3) लेखक के पड़ोसी ने रहमत से एक रामपुरी चादर खरीदी थी। उसके कुछ रुप
बाकी थे। वह उन्हें देने से साफ़ इनकार कर रहा था। बस, इसी पर दोनों में बा
बढ़ गई और रहमत ने उसे छुरा घोंप दिया। इस अपराध के लिए रहमत को
कारावास की सजा सुनाई गई।

(4) लेखक और रहमत में कई समानताएँ थीं। लेखक और रहमत दोनों की बेटि
हम उम्र थीं। दोनों ही अपने पिता से प्यार करती थीं। पिता से बेटी का बिछो
कष्टकर होता है। अतः मिनी की विदाई के समय लेखक दुखी थे। मिनी को
देखकर रहमत को अपनी बेटी की याद आई। वह भी उसका स्मरण करके दुखी
हो गया।

(5) लेखक ने रहमत के हाथ में एक नोट दिया क्योंकि वह रहमत की पीड़ा को समझ
रहा था। लंबे समय तक कारावास में बिताने के कारण रहमत को उसके परिवार
की ज़रूरत थी। वह अपने परिवार में रहकर खुश रहता।

* **किसने, किससे कहा?**

(1) मिनी ने लेखक से कहा। (2) मिनी की माँ ने मिनी से कहा।

(3) रहमत ने मिनी से कहा। (4) रहमत ने मिनी से कहा।

(5) लेखक ने रहमत से कहा।

* **अवतरण पर आधारित प्रश्न (Questions Based On Extract)**

(1) रहमत को विश्वास था कि मिनी अब भी वैसी ही बच्ची बनी हुई है।

(2) वह मिनी के लिए एक पेटी अंगूर और कागज के दोने में थोड़ी-सी किशमिश
और बादाम लाया था।

MI 13C 5G 05/07/2025 13

(3) आज उसके पास पहले की तरह मैली-कुचैली झोली न थी।

(4) विलोम शब्द- हास - रुदन, मित्रता - शत्रुता, थोड़ा - बहुत, मैला - स्वच्छ।

## भाषा की बगिया

निम्नलिखित शब्दों का वर्ण-विच्छेद कीजिए-

(क) आगमन - आ + ग् + अ + म् + अ + न् + अ

(ख) असह्य - अ + स् + अ + ह् + य् + अ

(ग) हिम्मत - ह् + इ + म् + म् + अ + त् + अ

(घ) कर्तव्य - क् + अ + र् + त् + अ + व् + य् + अ

(ङ) आँगन - आँ + ग् + अ + न् + अ

(च) किशमिश - क् + इ + श् + अ + म् + इ + श् + अ

निम्नलिखित शब्दों से भाववाचक संज्ञाएँ बनाइए-

(क) दरबानी (ख) चोरी (ग) बूढ़ापा (घ) साहस (ङ) दोस्ती

(च) कोमलता (छ) बचपन (ज) भक्ति (झ) लड़ाई (ञ) यौवन

3. पाठ से विशेषण शब्द चुनकर वाक्य में प्रयोग कीजिए-

(क) बूढ़ा - अब रहमत बूढ़ा हो चुका था।

(ख) चोर - उस दुकान में चोर घुस गए थे।

(ग) साहसी- मिनी साहसी लड़की थी।

(घ) बच्चा - एक बच्चा मैदान में खेल रहा था।

(ङ) युवक - कई युवक रोजगार पा चुके हैं।

(च) मैली - रहमत की झोली मैली हो चुकी थी।

4. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए-

(क) तुरंत (ख) बेफिक्र हो जाना (ग) संबंध तोड़ना

(घ) लुटाना, अपव्यय (ङ) चर्चा करना

5. निम्नलिखित वाक्यों के काल के भेद लिखिए-

(क) भविष्यकाल (ख) वर्तमान काल (ग) भविष्यकाल

(घ) भूतकाल (ङ) भूतकाल (च) वर्तमानकाल

MI 13C 5G
05/07/2025 13:51